कांग्रेस ने सरकार पर बोला हमला, महापौर का पलटवार-'बिना पैसा जमा किए नहीं खुलेंगे फ्लैट'

- दोनों पक्षों ने प्रेसवार्ता कर एक-दूसरे पर निशाना साधा
- डोसी आवास के 208 फ्लैटों की सीलिंग पर सियासत

नव भारत न्यूज

रतलाम। डोसी गांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 208 फ्लैटों पर हुई सीलिंग की कार्रवाई अब प्रशासनिक मुद्दे से आगे बढ़कर राजनीतिक टकराव का केंद्र बन गई है। गुरुवार को कांग्रेस और नगर निगम ने अलग-अलग प्रेसवार्ता कर एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए। कांग्रेस ने गरीबों को बेघर करने, वादाखिलाफी और कानून के उल्लंघन का आरोप लगाकर इस मुद्दे को जनआंदोलन बनाने के संकेत दिए, वहीं महापौर प्रहलाद पटेल ने स्पष्ट किया कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा और हितग्राही अंशदान जमा किए बिना फ्लैटों के ताले नहीं खोले जाएंगे।

कांग्रेस : वादा निभाने में निगम विफल, गरीबों को बना दिया अतिक्रमणकारी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शांतिलाल वर्मा और पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने मार्जिन मनी जमा कराकर बैंक से ऋण दिलाने का वादा किया था, लेकिन 396 में से केवल 166 हितग्राहियों को ही ऋण मिल पाया। शेष 208 परिवारों को न ऋण मिला और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इन्हीं परिवारों को पहले विधिवत फ्लैटों का आवंटन और कब्जा दिया गया, लेकिन अब उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर सामान बाहर फेंका और फ्लैट सील किए। कांग्रेस ने कहा कि यदि सिबिल स्कोर के कारण ऋण नहीं मिल रहा था तो नगर निगम को बैंक के उच्च अधिकारियों से समन्वय कर समाधान निकालना चाहिए था। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, पूर्व विधायक पारस सकलेचा, मयंक जाट, सलीम सब्जीवाला, साबीर एहमद, प्रदीप रौठार मौजूद रहे।

'छह मौके दिए, फिर भी भुगतान नहीं हुआ'

महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि योजना के तहत 396 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए थे। इनमें 166 हितग्राहियों ने बैंक ऋण लिया, 20 ने पूरी राशि जमा कर दी, जबकि 208 हितग्राहियों ने आज तक न बैंक ऋण लिया और न ही निर्धारित हितग्राही अंशदान जमा किया। महापौर ने बताया कि बकाया राशि जमा कराने के लिए छह बार नोटिस दिए गए। इसके बावजूद भुगतान नहीं होने पर वैधानिक कार्रवाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा वर्षों तक अवैध रूप से जल और बिजली का उपयोग किया गया, जिससे नगर निगम को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई के दौरान निगम अमले के साथ विरोध, पथराव, मारपीट और शासकीय वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। महापौर ने स्पष्ट किया कि जब तक हितग्राही अपनी निर्धारित राशि जमा नहीं करेंगे, तब तक सील किए गए फ्लैटों के ताले नहीं खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के नियम सभी हितग्राहियों पर समान रूप से लागू हैं और उनका पालन कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है। प्रेसवार्ता के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, एमआईसी सदस्य भगत भदौरिया, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, सपना त्रिपाटी, पप्पू पुरोहित मौजूद रहे।

9 ग्राम एमडीएमए के साथ युवक गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

रतलाम। जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माणकचौक पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 ग्राम एमडीएमए के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित कुल 1 लाख 40 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने काजीपुरा निवासी शाहीद उर्फ कालिया पिता साबिर खान (26 वर्ष) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 9 ग्राम एमडीएमए बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और नथिंग कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। जब्त मशरूका का कुल मूल्य करीब 1.40 लाख रुपये है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी एमडीएमए कहां से लाता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। जांच के आधार पर इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान, उप निरीक्षक शांतिलाल चौहान, सहायक उप निरीक्षक गोरचंद परमार सहित माणकचौक थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

15 इंच पार हुई बारिश...रिमझिम का सिलसिला जारी

रतलाम। जिले में मानसून की रफ्तार भले ही फिलहाल धीमी हो, लेकिन लगातार हो रही रिमझिम बारिश से अब तक जिले में 15 इंच से अधिक वर्षा दर्ज हो चुकी है। 1 जून से अब तक जिले की औसत वर्षा 361.63 मिमी दर्ज की गई है, जबकि पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 2.13 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटे में बाजना में 8 मिमी और रावटी में 7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा सैलाना में 2 मिमी बारिश हुई, जबकि आलोट, जावरा, ताल, पिपलोदा और रतलाम केंद्र पर वर्षा दर्ज नहीं हुई। जिले में 1 जून से अब तक वर्षामापक केंद्रों पर दर्ज वर्षा के अनुसार रतलाम में सर्वाधिक 520 मिमी बारिश हुई है। इसके बाद पिपलोदा में 399 मिमी, आलोट में 386 मिमी, जावरा में 380 मिमी, सैलाना में 361 मिमी, रावटी में 321 मिमी, ताल में 274 मिमी तथा बाजना में 252 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम के मौजूदा रुख को देखते हुए जिले में रिमझिम बारिश का दौर अभी जारी है, जिससे खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

एक नजर में

प्रिंसेस वैष्णवी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, अभिनेत्री दीपिका सिंह ने किया सम्मानित

रतलाम। शहर की नन्ही योग साधिका प्रिंसेस वैष्णवी ने एक बार फिर रतलाम का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। उज्जैन के अथर्व रिसॉर्ट में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह के कर-कमलों से प्रदान किया गया। प्रिंसेस वैष्णवी अपनी योग प्रतिभा के दम पर कम उम्र में ही पहचान बना चुकी हैं। 'नन्ही योग गुरु' के रूप में वह अब रतलाम ही नहीं, बल्कि विभिन्न शहरों में भी योग के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। अपने योग प्रदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से वह बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। प्रिंसेस वैष्णवी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ, सकारात्मक और निरोग समाज के निर्माण में योगदान देना है। उनकी इस उपलब्धि पर शहरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

किशनगढ़ से आज होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ

रतलाम। कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देशन में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ जिले में शुक्रवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत आलोट की ग्राम पंचायत किशनगढ़ से होगा। अभियान के तहत जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर आमजन से सीधे संवाद करेंगे तथा विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्रात: 11:00 बजे ग्राम किशनगढ़ में आयोजित शिविर में उपस्थित रहेंगे। शिविर में सबसे पहले आम नागरिकों के साथ जनसंवाद आयोजित होगा। इसके बाद जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी जाएंगी तथा अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। साथ ही सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की भी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कलेक्टर अजय कटेसरिया सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी शिविर क्षेत्र से जुड़ी ग्राम पंचायतो का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। अभियान में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा आसपास की 23 ग्राम पंचायतों में अलग-अलग अधिकारियों को भ्रमण एवं निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं का निरीक्षण, आमजन एवं उद्यमियों के साथ संवाद, सेवा प्रदाय व्यवस्था की धरातलीय स्थिति का आकलन तथा शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। अभियान का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को सुदृढ़ करना, व्यवस्थाओं में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना है।

युवा संगम रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 को

रतलाम। जिला रोजगार अधिकारी अभिषेक कटारा ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 12 अगस्त 2026 को शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड, सज्जन मिल के सामने रतलाम में किया गया है, जिसमे बेरोजगार युवाओ को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी.आई उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष तक होना चाहिए। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में 12 अगस्त 2026 को प्रात: 10:00 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड, सज्जन मिल के सामने रतलाम में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

36 घंटे में खुलासा : पुरानी रंजिश बनी मौत की वजह

- सिंदुरकिया हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

रतलाम। बड़ावदा थाना पुलिस ने सिंदुरकिया में हुए अंधे कत्ल का महज 36 घंटे में खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छह माह पुराने छेड़छाड़ के मामले की रंजिश में इस हत्या को अंजाम दिया गया।

पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को हाटपिपलिया चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सिंदुरकिया स्थित मिडिल स्कूल के पास बापूसिंह की पड़त भूमि पर एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान शहनवाज उर्फ साहिल पिता शहजाद शाह निवासी सिंदुरकिया के रूप में की। घटनास्थल के निरीक्षण में धारदार हथियार से हत्या किए जाने के संकेत मिले, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराकर हत्या का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय और एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, साइबर तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और संदिग्धों से लगातार पूछताछ की।

भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने ईश्वर उर्फ छोटू पिता रामचंद्र आद्रा (19 वर्ष), निवासी सिंदुरकिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि करीब छह माह पहले मृतक पर आरोपी की कथित भाभी के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

पुलिस के अनुसार मृतक गांव में उस घटना का बार-बार जिक्र करता था, जिससे आरोपी रंजिश रखता था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और आरोपी ने चाकू से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

लायंस क्लब अभिमा ने पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों से दिया सामाजिक सरोकार का संदेश

नव भारत न्यूज

रतलाम। लायंस क्लब अभिमा ने सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा बाल कल्याण से जुड़े दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए। वरिष्ठ पीएमजेएफ लायन डॉ. सुलोचना शर्मा के जन्मदिवस पर वृहद पौधरोपण समता परिसर स्थित बगीचे में आयोजित हुआ। सदस्यों ने पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन सुषमा दवे, सचिव लायन भारती रहोरी, लायन सीमा सुरोलिया तथा लायन सुनीता पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर लायंस क्लब अभिमा ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सेवा गतिविधि आयोजित कर विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री वितरित की।

कार्यक्रम में लायन शारदा शर्मा ने बच्चों को उपयोगी सामग्री प्रदान की, जबकि सुषमा दवे एवं सुनीता पाठक की ओर से विद्यार्थियों को कॉपियां और पेन भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सचिव लायन भारती रहोरी ने बच्चों को सरल भाषा में गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज

रतलाम। शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने रेल नगर में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में बताया कि घटना 5 अगस्त की रात करीब 9.15 बजे की बताई गई है।

पुलिस के अनुसार फरियादी पिंटू उर्फ रिंकू पिता मोहनलाल केथवास (38) निवासी रेल नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किशोर ठेकेदार, निवासी रेल नगर ने उसके तथा उसके साथी मुकेश पिता जवाहर प्रसाद (23) निवासी रामनगर के साथ मां-बहन की गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने 5 अगस्त की रात 11.20 बजे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2) और 351(3) के तहत अपराध क्रमांक 717/ 26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है।

लेन-देन को लेकर दो लोगों पर केस दर्ज

रतलाम। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम वालारूंडी में लेन-देन के विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम वालारूंडी निवासी रामेश्वर पिता सरदार कतिजा (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 अगस्त की रात करीब 9 बजे उसके घर के बाहर रायसिंह पिता कानजी भाभर और मांगीलाल पिता पुंजालाल भाभर, दोनों निवासी ग्राम सागलाखो, ने भानगढ़े के लेन-देन की बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की शिकायत पर शिवगढ़ थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में रतलाम प्रदेश के टॉप-5 जिलों में हमेशा रहे : कलेक्टर

- सीमांकन रिपोर्ट में पूर्व सीमांकन का विवरण अनिवार्य रूप से शामिल करें

नव भारत न्यूज

रतलाम। कलेक्टर अजय कटेसरिया ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री कटेसरिया ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में रतलाम जिला प्रदेश के टॉप-5 जिलों में अपनी स्थिति बनाए रखे। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी अधिकारी पूरी सक्रियता और गंभीरता से कार्य करें। सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पटवारी द्वारा प्रस्तुत सीमांकन रिपोर्ट में पूर्व सीमांकन का संपूर्ण विवरण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

सीमांकन दल प्रत्येक प्रकरण में पूर्व सीमांकन का रिकॉर्ड साथ लेकर जाए, ताकि पुराने एवं वर्तमान सीमांकन का वस्तुनिष्ठ परीक्षण कर नियमानुसार उचित निर्णय लिया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए राजस्व आदेशों के अनुपालन की मॉनीटरिंग लोक सेवा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से की जाएगी, जिससे प्रत्येक आदेश का समय पर पालन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरण, मुआवजा वितरण, पीएम किसान, ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, आधार सीडिंग, भूमि स्वामी परिमार्जन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

चेयरमैन शर्मा और उपाध्यक्ष सोनी बने

नव भारत न्यूज

जावरा। लायंस क्लब जावरा के चेयरमैन पद पर मनोनीत होने पर प्रदीप शर्मा तथा उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर लकी सोनी का भाजपा नेता एवं समस्त व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रकाश कोठारी के निवास पर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने दोनों पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में लायंस क्लब जावरा सेवा और सामाजिक गतिविधियों में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

सम्मान समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.के. सिंह कालूखेड़ा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कानसिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीर्तिशरण सिंह तथा पूर्व भाजपा जिला मंत्री सुनील भावसार सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रदीप शर्मा एवं लकी सोनी का अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

एक नजर में — फसल बीमा में छलावा व राजस्व कार्यालयों में वसूली के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

फसल बीमा में विसंगति, भ्रष्टाचार को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव

नव भारत न्यूज

जावरा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में की गई कथित अनियमितताओं और राजस्व कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जावरा में कांग्रेस का भारी आक्रोश देखने को मिला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा ग्रामीण, पिपलोदा उत्तर और पिपलोदा दक्षिण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन में मूसलाधार बारिश के बावजूद किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पिपलौदा रोड चौपाटी से शुरू हुई यह आक्रोश रैली अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने घेराव कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राज्य सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए गए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने फसल बीमा वितरण में हुई भारी विसंगतियों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर प्रदेश सरकार, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी और क्षेत्रीय विधायक व सांसद को इस छलावे के लिए जिम्मेदार ठहराया। सोलंकी ने कहा कि आज तहसील और अनुभाग न्यायालयों में खसरा, नक्शा और खाता सुधार के नाम पर किसानों से खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। अधिकारियों के संरक्षण में पनप रहे इस भ्रष्टाचार से आम नागरिक बेहाल है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण जावरा क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और खेलों के मामले में लगातार पिछड़ता जा रहा है।

बारिश के बीच डटे रहे नेता

खराब मौसम और बारिश के बावजूद इस प्रदर्शन में किसानों और कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस शक्ति प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महेश नांदेचा, बद्रीलाल गरगर, पेपा पहलवान, कान्हा हाडा, रईस मंसूरी, सईद कुरैशी, रमेश रारोतिया, बाबूलाल पाटीदार, बालाराम सरपंच, आशाराम सरपंच, इब्राहिम मंसूरी, मोबिन मेव, यास्मीन खान और अलफेज खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।